आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 15.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- पौड़ी गढ़वाल के पैठाणी स्थित विश्व के एकमात्र राहु मंदिर का जीर्णोद्धार कर मंदिर परिसर को भव्य और दिव्य स्वरूप दिया जाएगा।
- चम्पावत जिले में "प्रशासन गाँव की ओर" अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।
- नैनीताल जिले में चार दिवसीय पक्षी और जैव–विविधता सर्वेक्षण के दौरान 150 से अधिक पक्षी प्रजातियों का अभिलेखन किया गया।
- चमोली जिले के गौचर में राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू।

राहु मंदिर

पौड़ी गढ़वाल जिले के पैठाणी स्थित विश्व के एकमात्र राहु मंदिर का जीर्णोद्धार कर मंदिर परिसर को भव्य और दिव्य स्वरूप दिया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर परिसर का निर्माण गढ़वाली स्थापत्य कला के अनुरूप किया जाएगा। इसके लिए मंदिर का डिजाइन और लेआउट तैयार कर लिया गया है।

योजना के तहत मंदिर शिला के चारों ओर आकर्षक परिक्रमा पथ, धार्मिक अनुष्ठानों के लिए अग्निकुंड, धर्मशालाएं, पुस्तकालय, पुष्पवाटिका, श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित पार्किंग तथा पेयजल जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मंदिर में विधि–विधान से पूजा–अर्चना करने पर राहु दोष से मुक्ति मिलती है। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि आदि शंकराचार्य ने राहु ग्रह दोष शांति के लिए इस मंदिर की स्थापना की थी। इस मंदिर में भगवान शिव के साथ राहु देव की पूजा की विशिष्ट परंपरा आज भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनी हुई है।

यह मंदिर न केवल एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और आस्था का जीवंत प्रतीक भी है।

## जैव–विविधता सर्वेक्षण

नैनीताल जिले के नयना देवी हिमालयन बर्ड संरक्षण आरक्षित क्षेत्र में 11 दिसंबर से शुरू हुआ चार दिवसीय पक्षी और जैव–विविधता सर्वेक्षण कल संपन्न हो गया। सर्वेक्षण के दौरान 150 से अधिक पक्षी प्रजातियों का अभिलेखन किया गया, जिनमें व्हाइट कॉलर ब्लैकबर्ड, माउंटेन हॉक ईगल, फायर ब्रेस्टेड फ्लावरपेक्कर और कोकलास तीतर प्रमुख हैं।

इसके अलावा लेपर्ड कैट, हिमालयन सेरो, येलो थ्रोटेड मार्टन और बाघ सहित अन्य वन्य जीवों की उपस्थिति भी दर्ज की गई।

इस सर्वेक्षण में महाराष्ट्र, तेलंगाना, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तराखंड समेत नौ राज्यों से आए 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने बॉटनिकल गार्डन, किलबरी, विनायक, कुंजाखड़क, भवाली, महेशखान, चाफी और मुक्तेश्वर क्षेत्रों में 40 ट्रेल्स पर सुबह और शाम दो चरणों में अवलोकन किया। सर्वेक्षण में नैनीताल वन प्रभाग के लगभग 40 वनकर्मियों और स्थानीय गाइडों का भी सक्रिय सहयोग रहा।

## एन.ई.एस.टी.एस.

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा सोसायटी इस महीने की 16 और 17 तारीख को नई दिल्ली में दो दिन के प्रधानाचार्य सम्मेलन का आयोजन करेगी। यह आयोजन एक प्रमुख क्षमता निर्माण पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों–ई.एम.आर.एस. के प्रधानाचार्यों की शैक्षणिक, प्रशासनिक, वित्तीय और नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करना है।

जनजातीय मंत्रालय ने कहा है कि सम्मेलन का मुख्य विषय प्रधानाचार्यों को ई.एम.आर.एस. में चल रही परियोजनाओं, फ्लैगशिप पहलों और साझेदार–सहायता प्राप्त कार्यक्रमों को अनुकूल बनाना है। मंत्रालय ने सूचना दी कि यह सम्मेलन ई.एम.आर.एस. के 499 प्रधानाचार्यों को एक साथ लाएगा।

## राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड ने बिहार के मंत्री और पांच बार के विधायक नितिन नबीन को तत्काल प्रभाव से पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। एक संगठनात्मक नेता के तौर पर जाने जाने वाले श्री नबीन अभी पटना जिले की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार में सड़क निर्माण विभाग के मंत्री हैं। 45 वर्षीय श्री नबीन पार्टी के इतिहास में सबसे कम उम्र के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

## प्रशासन गाँव की ओर

चम्पावत जिले में "प्रशासन गाँव की ओर" अभियान के तहत जिला स्तरीय अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँचकर आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी क्रम में जिला पंचायती राज अधिकारी जसवंत सिंह खड़ायत और जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट ने विकासखंड चम्पावत के दूरस्थ क्षेत्र खिरद्वारी का भ्रमण किया। खिरद्वारी में "सरकार जनता के द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, खेल, आजीविका तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याएं और मांगें रखीं। संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही कई समस्याओं का निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों को शीघ्र कार्यवाही के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।

जिला प्रशासन का कहना है कि "प्रशासन गाँव की ओर" अभियान के माध्यम से प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन और जनविश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

चमोली जिले के गौचर में प्रदेशभर की युवा खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने और उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल और थराली विधायक भूपालराम टम्टा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच 8वीं वाहिनी आईटीबीपी गौचर और 66 आरसीसीसी सीमा सड़क संगठन गौचर के बीच खेला गया।

इस अवसर पर मां कालिंका क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष अनिल नेगी ने प्रदेशभर से आए युवा खिलाड़ियों का टूर्नामेंट में भाग लेने पर स्वागत किया और आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## अवैध अतिक्रमण

चंपावत जिले में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध तहसीलदार बृजमोहन आर्य के नेतृत्व में अमोडी क्षेत्र में ग्राम विकास विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से मौके पर बनी तीन कच्ची दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मशरूम उत्पादन

रुद्रप्रयाग जिले में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी की ओर से जखोली विकासखंड के टाट गांव की महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने संयुक्त रूप से मशरूम उत्पादन शुरू किया, जिसमें पहली फसल के रूप में 30 किलो से अधिक मशरूम का उत्पादन हुआ है। महिलाओं ने बताया कि इस सफलता को देखते हुए अब अधिकांश महिलाओं ने अलग–अलग मशरूम उत्पादन इकाइयां स्थापित कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

वहीं, आरसेटी के प्रशिक्षक वीरेन्द्र बर्त्वाल ने कहा कि जिस उद्देश्य से यह प्रशिक्षण दिया गया था, वह सफल रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने मशरूम उत्पादन के गुर अच्छी तरह सीखे हैं और अब वे स्वयं का उत्पादन कर

## आउटसोर्स कर्मचारी संगठन

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से देहरादून में उत्तराखंड आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर समान कार्य के लिए समान वेतन और नियमितीकरण की मांग रखी। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने मंत्री को अवगत कराया कि देहरादून जिले में सहायता समूह (एचएसजी) विद्युत कर्मचारी लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें बेहद कम वेतन पर कार्य करना पड़ रहा है।

श्री जोशी ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि इस संबंध में जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रकरण मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा।